प्रादेशिक समाचार एकांष
आकाशवाणी भोपाल
सांध्यकालीन समाचार
दिनांक : 05.05.2024     समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- देष में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में प्रदेष की 8 सीटों सहित 96 सीटों पर कल वोट डाले जाएंगे।
- प्रदेष में चौथे चरण में 1 करोड़ 63 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– सरकार ने गरीबों को सषक्त बनाने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का दोहरा मिषन षुरू किया।
- आईपीएल में आज पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने चैन्नई सुपर किंग्स को 142 रनों का लक्ष्य दिया। दूसरा मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और दिल्ली कैपिटल के बीच साढ़े सात बजे से।

<u>लोकसभा चुनाव–देष/प्रदेष</u>

देष में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में नौ राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 96 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में कुल एक हजार 717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मतदान के लिये एक लाख 92 हजार केंद्रों पर 19 लाख से अधिक चुनाव कर्मी तैनात किए जाएंगे। मतदान सुबह सात बजे शुरू होकर शाम छह बजे समाप्त होगा।

लोकसभा चुनाव के चौथे और प्रदेश के अंतिम चरण के लिये 8 लोकसभा सीट देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगौन और खंडवा में कल 13 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि चौथे चरण के मतदान केन्द्रों के लिये सभी मतदान दलों को सामग्री का वितरण कर दिया गया है। मतदान दल संबंधीत केन्द्रों पर पहुंच गए हैं। षांतिपूर्ण मतदान के लिये सभी आवष्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान केन्द्रों पर मोबाइल ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

प्रदेश में चौथे चरण की 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में मतदान दिवस के दिन कल सोमवार को सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग के वोटर टर्न आउट एप पर मतदान प्रतिशत की अद्यतन जानकारी उपलब्ध रहेगी। इस एप से नागरिक हर दो घंटे में दर्ज हुए मतदान प्रतिशत के बारे में जानकारी ले सकेंगे। वोटर–टर्न आउट एप नागरिकों को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर डाउनलोड करना होगा।

<u>चौथा चरण–मतदान–प्रदेष</u>

प्रदेश में कल आदिवासी बहुल मालवा निर्माण क्षेत्र में फैली आठ सीटों इंदौर, धार, रतलाम, खंडवा, उज्जैन, मंदसौर, खरगोन और देवास में मतदान होगा। यह आठ संसदीय सीटें 64 विधानसभा क्षेत्रों और 16 जिलों में फैली हैं। खास बात यह है कि आठ में से पांच सीटें आरक्षित हैं इसलिए इन सीटों पर 50 लाख से ज्यादा आदिवासी वोट निर्णायक भूमिका में है। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्टः .....

वीसी–संजीव षर्मा

प्रदेश में चौथे चरण की आठ लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के लिये 79 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। जिसमें 74 पुरूष और 5 महिला उम्मीदवार है। सबसे अधिक 14 उम्मीदवार इंदौर में और सबसे कम 5 प्रत्याशी खरगौन में है। इस चरण के कुछ खास उम्मीदवारों में इंदौर से मौजूदा सांसद शंकर लालवानी, रतलाम से कांतिलाल भूरिया,खंडवा से ज्ञानेश्वर पाटील, खरगौन से गजेन्द्र सिंह पटेल,मंदसौर से सुधीर गुप्ता, उज्जैन से अनिल फिरोजिया, देवास से महेंद्र सिंह सोलंकी और राजेन्द्र मालवीय शामिल हैं। चौथे चरण के आठ संसदीय क्षेत्रों में कुल 1 करोड़ 63 लाख से ज्यादा मतदाताओं के लिए 18 हजार मतदान केन्द्र बनायें गये । मतदाताओं में करीब 82 लाख 48 हजार पुरुष, 81 लाख 22 हजार महिला और 388 मतदाता थर्ड जेंडर के थे. इस चरण में 18 से 29 साल के करीब 45 लाख मतदाताओं की भूमिका अहम् मानी जा रही है।
संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार भोपाल

<u>मतदान अपील–राजन</u>

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सभी मतदाताओं से मतदान जरूर करने का आग्रह किया है। उन्होने कहा है मतदाता लोकतंत्र के संरक्षक हैं इसलिए मतदान जरूर करें। मतदाता प्रदेश के जिम्मेदार नागरिक हैं एवं सदैव अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहे हैं। लोकतंत्र में हर एक वोट महत्वपूर्ण है। उन्होंने आग्रह किया कि अपने परिवार के समस्त मतदाताओं के साथ वोट देने मतदान केन्द्र पर अवश्य जाएं। मतदान केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की

<u>मतदान–फोटोयुक्त दस्तावेज</u>

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के चौथे चरण में 8 संसदीय क्षेत्रों में एक करोड़ 63 लाख 70 हजार 654 मतदाता 13 मई को मतदान करेंगे। श्री राजन ने बताया कि 13 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेज–वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज, पासपोर्ट, पासबुक, सर्विस पहचान पत्र, सांसद, विधायक को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता अपना वोट डाल सकेंगे।

<u>प्रधानमंत्री–साक्षात्कार</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक समाचार पत्र को दिए साक्षात्कार में उल्लेख किया कि उनकी सरकार ने गरीबों को उनकी मूलभूत जरूरतों को पूरा करके उनको सशक्त बनाने और व्यापक सुधारों के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का दोहरा मिशन शुरू किया

श्री मोदी ने कहा कि इस चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद उनकी सरकार विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अगले पांच वर्षों के लिए और नई सरकार के पहले सौ दिनों के कार्यों की योजना पहले से ही तैयार

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज– आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे **WhatsApp** नंबर **94065 23035** पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

<u>मौसम</u>

प्रदेष के मौसम में उतार चढ़ाव बना हुआ है। कहीं आंधी बारिष तो कहीं तापमान 40 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। राजधानी भोपाल में भी आज बादल छाए रहे। जिससे गर्मी में कुछ राहत महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल प्रदेष के कई क्षेत्रों में आंधी और बारिष की संभावना है। अगले 24 घंटो के दौरान राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में बारिश हो सकती है। अन्य जिलों में भी आंधी और बारिष की संभावना है।

<u>आईपीएल–क्रिकेट</u>

आईपीएल क्रिकेट में आज चेन्नई में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स की टीम ने 142 रनों का लक्ष्य दिया है।

आईपीएल का दूसरा मैच आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच अब से कुछ देर बाद 07:30 बजे से बेंगलुरु में खेला जाएगा।

<u>इंडोनेशिया–अफगानिस्तान, ब्राजील बाढ</u>

इंडोनेशिया के पश्चिम सुमात्रा प्रांत में भीषण बारिश से आई बाढ और भू–स्खलन से 28 लोगों की मौत हो गई और चार लोग लापता हैं।

अफगानिस्तान में भी बाढ से करीब तीन सौ पन्द्रह लोगों की मृत्यु हो गई जबकि, सोलह सौ से अधिक लोग घायल हैं और कई लोग लापता हैं। इस बाढ से अफगानिस्तान के कई प्रांत प्रभावित हुए हैं।

वहीं, ब्राजील के दक्षिणी भाग में लगातार बारिश से कल जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। यहां बाढ से मरने वालों की संख्या एक सौ 36 हो गई है। बाढ से बीस लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। पांच लाख 37 हजार से अधिक लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है।

समाचार संक्षेप में :—

- देवास संसदीय सीट के अन्तर्गत आने वाले आगरमालवा जिले की आगर विधानसभा क्षेत्र में कल होने वाले मतदान के लिये बनाये गये 304 मतदान केन्द्रों पर दो लाख 35 हजार 367 मतदाता अपने मत का उपयोग करेगें।
- केन्द्रीय जेल भोपाल में आज निरूद्ध बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष आयुर्वेद स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा परामर्श हेतु मेडिकल कैम्प सह विधिक सहायता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

—————————————